
# JK Chrome

## JK Chrome | Employment Portal




## Rated No.1 Job Application of India

Sarkari Naukri
Private Jobs
Employment News
Study Material
Notifications

JOBS

NOTIFICATIONS

G.K

STUDY MATERIAL

GET IT ON Google play

JK Chrome
jk chrome
Contains ads

Click here to DOWNLOAD

www.jkchrome.com | Email : contact@jkchrome.com

**SDF–G–GST**

## सामान्य अध्ययन (प्रश्न-पत्र–III)

समय : तीन घण्टे

अधिकतम अंक : 250

### प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

(उत्तर देने के पूर्व निम्नलिखित निर्देशों को कृपया सावधानीपूर्वक पढ़ें)

इसमें **बीस** प्रश्न दिए गए हैं जो **हिन्दी** एवं **अंग्रेजी** दोनों में छपे हैं।

**सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू० सी० ए०) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।

प्रश्न संख्या **1** से **10** तक का उत्तर *150* शब्दों में तथा प्रश्न संख्या **11** से **20** तक का उत्तर *250* शब्दों में दें।

प्रश्नों में इंगित शब्द-सीमा को ध्यान में रखें।

प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए कोई पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णतः काट दें।

---

## GENERAL STUDIES (PAPER–III)

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 250

### QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

(Please read each of the following instructions carefully before attempting questions)

There are TWENTY questions printed both in HINDI and in ENGLISH.

ALL questions are compulsory.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

Answers to Question Nos. **1** to **10** should be in *150* words, whereas answers to Question Nos. **11** to **20** should be in *250* words.

Word limit in questions should be adhered to.

Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.



1 www.jkchrome.com www.jkchrome.com Scanned by CamScanner www.jkchrome.com

1. उन अप्रत्यक्ष करों को गिनाइए जो भारत में वस्तु एवं सेवा कर (जी० एस० टी०) में सम्मिलित किए गए हैं। भारत में जुलाई 2017 से क्रियान्वित जी० एस० टी० के राजस्व निहितार्थों पर भी टिप्पणी कीजिए। (उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)

Enumerate the indirect taxes which have been subsumed in the Goods and Services Tax (GST) in India. Also, comment on the revenue implications of the GST introduced in India since July 2017. (Answer in 150 words) 10

2. क्या आप इस मत से सहमत हैं कि सकल घरेलू उत्पाद (जी० डी० पी०) की स्थायी संवृद्धि तथा निम्न मुद्रास्फीति के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था अच्छी स्थिति में है? अपने तर्कों के समर्थन में कारण दीजिए। (उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)

Do you agree with the view that steady GDP growth and low inflation have left the Indian economy in good shape? Give reasons in support of your arguments. (Answer in 150 words) 10

3. एकीकृत कृषि प्रणाली (आइ० एफ० एस०) किस सीमा तक कृषि उत्पादन को संधारित करने में सहायक है? (उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)

How far is Integrated Farming System (IFS) helpful in sustaining agricultural production? (Answer in 150 words) 10

4. जल-प्रतिबलित क्षेत्रों से कृषि उत्पादन में वृद्धि करने में राष्ट्रीय जल-विभाजक परियोजना के प्रभाव को सविस्तार स्पष्ट कीजिए। (उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)

Elaborate the impact of National Watershed Project in increasing agricultural production from water-stressed areas. (Answer in 150 words) 10

5. जल इंजीनियरी और कृषि-विज्ञान के क्षेत्रों में क्रमशः सर एम० विश्वेश्वरैया और डॉ० एम० एस० स्वामीनाथन के योगदानों से भारत को किस प्रकार लाभ पहुँचा था? (उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)

How was India benefitted from the contributions of Sir M. Visvesvaraya and Dr. M. S. Swaminathan in the fields of water engineering and agricultural science respectively? (Answer in 150 words) 10

6. भारत की अपना स्वयं का अंतरिक्ष केंद्र प्राप्त करने की क्या योजना है और हमारे अंतरिक्ष कार्यक्रम को यह किस प्रकार लाभ पहुँचाएगी? (उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)

What is India's plan to have its own space station and how will it benefit our space programme? (Answer in 150 words) 10

7. तटीय बालू खनन, चाहे वह वैध हो या अवैध हो, हमारे पर्यावरण के सामने सबसे बड़े खतरों में से एक है। भारतीय तटों पर हो रहे बालू खनन के प्रभाव का, विशिष्ट उदाहरणों का हवाला देते हुए, विश्लेषण कीजिए। (उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)

Coastal sand mining, whether legal or illegal, poses one of the biggest threats to our environment. Analyze the impact of sand mining along the Indian coasts, citing specific examples. (Answer in 150 words) 10



2 www.jkchrome.com www.jkchrome.com Scanned by CamScanner www.jkchrome.com

**8.** आपदा प्रभावों और लोगों के लिए उसके खतरे को परिभाषित करने के लिए भेद्यता एक अत्यावश्यक तत्त्व है। आपदाओं के प्रति भेद्यता का किस प्रकार और किन-किन तरीकों के साथ चरित्र-चित्रण किया जा सकता है? आपदाओं के संदर्भ में भेद्यता के विभिन्न प्रकारों पर चर्चा कीजिए। (उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)

Vulnerability is an essential element for defining disaster impacts and its threat to people. How and in what ways can vulnerability to disasters be characterized? Discuss different types of vulnerability with reference to disasters. (Answer in 150 words) 10

**9.** जम्मू और कश्मीर में 'जमात-ए-इस्लामी' पर पाबंदी लगाने से आतंकवादी संगठनों को सहायता पहुँचाने में भूमि-उपरि कार्यकर्ताओं (ओ० जी० डब्ल्यू०) की भूमिका ध्यान का केंद्र बन गई है। उपप्लव (बगावत) प्रभावित क्षेत्रों में आतंकवादी संगठनों को सहायता पहुँचाने में भूमि-उपरि कार्यकर्ताओं द्वारा निभाई जा रही भूमिका का परीक्षण कीजिए। भूमि-उपरि कार्यकर्ताओं के प्रभाव को निष्प्रभावित करने के उपायों की चर्चा कीजिए। (उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)

The banning of 'Jamaat-e-Islami' in Jammu and Kashmir brought into focus the role of over-ground workers (OGWs) in assisting terrorist organizations. Examine the role played by OGWs in assisting terrorist organizations in insurgency affected areas. Discuss measures to neutralize influence of OGWs. (Answer in 150 words) 10

**10.** साइबरडोम परियोजना क्या है? स्पष्ट कीजिए कि भारत में इंटरनेट अपराधों को नियंत्रित करने में यह किस प्रकार उपयोगी हो सकता है। (उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)

What is CyberDome Project? Explain how it can be useful in controlling internet crimes in India. (Answer in 150 words) 10

**11.** यह तर्क दिया जाता है कि समावेशी संवृद्धि की रणनीति का आशय एकसाथ समावेशिता और धारणीयता के उद्देश्यों को प्राप्त किया जाना है। इस कथन पर टिप्पणी कीजिए। (उत्तर 250 शब्दों में दीजिए)

It is argued that the strategy of inclusive growth is intended to meet the objectives of inclusiveness and sustainability together. Comment on this statement. (Answer in 250 words) 15

**12.** उत्तर-उदारीकरण अवधि के दौरान, बजट निर्माण के संदर्भ में, लोक व्यय प्रबंधन भारत सरकार के समक्ष एक चुनौती है। इसको स्पष्ट कीजिए। (उत्तर 250 शब्दों में दीजिए)

The public expenditure management is a challenge to the Government of India in the context of budget making during the post-liberalization period. Clarify it. (Answer in 250 words) 15

**13.** अनाज वितरण प्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने हेतु सरकार द्वारा कौन-कौन से सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं? (उत्तर 250 शब्दों में दीजिए)

What are the reformative steps taken by the Government to make food grain distribution system more effective? (Answer in 250 words) 15

**14.** खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्रक की चुनौतियों के समाधान हेतु भारत सरकार द्वारा अपनाई गई नीति को सविस्तार स्पष्ट कीजिए। (उत्तर 250 शब्दों में दीजिए)

Elaborate the policy taken by the Government of India to meet the challenges of the food processing sector. (Answer in 250 words) 15



Scanned by CamScanner

**15.** भैषजिक कंपनियों के द्वारा आयुर्विज्ञान के पारंपरिक ज्ञान को पेटेंट कराने से भारत सरकार किस प्रकार रक्षा कर रही है? (उत्तर 250 शब्दों में दीजिए)

How is the Government of India protecting traditional knowledge of medicine from patenting by pharmaceutical companies? (Answer in 250 words) 15

**16.** किसानों के जीवन मानकों को उन्नत करने के लिए, जैव प्रौद्योगिकी किस प्रकार सहायता कर सकती है? (उत्तर 250 शब्दों में दीजिए)

How can biotechnology help to improve the living standards of farmers? (Answer in 250 words) 15

**17.** पर्यावरण से संबंधित पारिस्थितिक तंत्र की वहन क्षमता की संकल्पना की परिभाषा दीजिए। स्पष्ट कीजिए कि किसी प्रदेश के दीर्घोपयोगी विकास (सस्टेनेबल डेवेलपमेंट) की योजना बनाते समय इस संकल्पना को समझना किस प्रकार महत्त्वपूर्ण है। (उत्तर 250 शब्दों में दीजिए)

Define the concept of carrying capacity of an ecosystem as relevant to an environment. Explain how understanding this concept is vital while planning for sustainable development of a region. (Answer in 250 words) 15

**18.** किसी भी आपदा प्रबंधन प्रक्रम में आपदा तैयारी पहला कदम होता है। भूस्खलनों के मामले में, स्पष्ट कीजिए कि संकट अनुक्षेत्र मानचित्रण किस प्रकार आपदा अल्पीकरण में मदद करेगा। (उत्तर 250 शब्दों में दीजिए)

Disaster preparedness is the first step in any disaster management process. Explain how hazard zonation mapping will help disaster mitigation in the case of landslides. (Answer in 250 words) 15

**19.** भारत सरकार ने हाल ही में विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम (यू० ए० पी० ए०), 1967 और एन० आइ० ए० अधिनियम के संशोधन के द्वारा आतंकवाद-रोधी कानूनों को मजबूत कर दिया है। मानवाधिकार संगठनों द्वारा विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम का विरोध करने के विस्तार और कारणों पर चर्चा करते समय वर्तमान सुरक्षा परिवेश के संदर्भ में, परिवर्तनों का विश्लेषण कीजिए। (उत्तर 250 शब्दों में दीजिए)

Indian Government has recently strengthened the anti-terrorism laws by amending the Unlawful Activities (Prevention) Act (UAPA), 1967 and the NIA Act. Analyze the changes in the context of prevailing security environment while discussing the scope and reasons for opposing the UAPA by human rights organizations. (Answer in 250 words) 15

**20.** उत्तर-पूर्वी भारत में उपप्लवियों की सीमा के आरपार आवाजाही, सीमा की पुलिसिंग के सामने अनेक सुरक्षा चुनौतियों में से केवल एक है। भारत-म्यांमार सीमा के आरपार वर्तमान में आरंभ होने वाली विभिन्न चुनौतियों का परीक्षण कीजिए। साथ ही चुनौतियों का प्रतिरोध करने के कदमों पर चर्चा कीजिए। (उत्तर 250 शब्दों में दीजिए)

Cross-border movement of insurgents is only one of the several security challenges facing the policing of the border in North-East India. Examine the various challenges currently emanating across the India-Myanmar border. Also, discuss the steps to counter the challenges. (Answer in 250 words) 15

★★★



Scanned by CamScanner